प्रेस नोट

दिनांक 16.03.2026

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन परिसर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 16.03.2026 को पुलिस लाइन परिसर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों ने सहभागिता की। सम्मेलन के दौरान पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन, ड्यूटी निर्वहन की गुणवत्ता तथा जनसामान्य के साथ व्यवहार को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर जनपद में घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने, महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनपद में बेहतर पुलिस प्रबंधन, कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, त्यौहारों एवं विशेष आयोजनों के दृष्टिगत सतर्कता बरतने तथा जनता में सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ करने हेतु सभी अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सम्मेलन के समापन पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।